# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
# रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक 509 / 23सा0 दिनांक: 23/04/2019
सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
इन्द्रानगर फॉरेस्ट कॉलोनी
देहरादून।

**विषयः—** **जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, दैचोरी देगॉव मोटर मार्ग का निर्माण। FP/UK/ROAD/35251/2018**

सन्दर्भः— ई0डी0एस0 **FP/UK/ROAD/35251/2018 Dt. 28.03.2019**

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित ई0डी0एस0 के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त पत्र द्वारा लगाई आपत्तियों का निराकरण कर प्रेषित कर दिया गया है।

| क्र0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | Short Narrative of Project does not give adequate information about the proposal [Online para-A-1 (iii) of Part-I]. It should give comprehensive details of the project in brief. | शार्ट नरेटिव पैरा ए—1 (iii) पार्ट—1 पर संलग्न कर प्रेषित है। |
| 2 | Justification is not authenticated by DFO. Please upload justification with authenticated by DFO at section D in Form A, part I. | परियोजना का औचित्य प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कर संलग्न कर प्रेषित है। |
| 3 | Alternate alignment map is not uploaded at section D(i)-(a) in form A, Part-I by User agency. | Alternate alignment की आवश्यकता नहीं है। |
| 4 | Provide Separate component wise breakup in B-2.4 as in following way:- a. Road. b. Muck Dumping | मार्ग निर्माण में मलुवा उत्सर्जन नगण्य होने के कारण Muck Dumping की आवश्यकता नहीं है। |
| 5 | In para-7 of online Part-II, approximate distance of the proposed site of diversion inside from boundary of forest is mentioned as nil. Does it mean that the area proposed for diversion is situated at the boundary of the forest. | आख्या प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से दी जानी है। |

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता 23/04/19
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक / दिनांक:

प्रतिलिपिः— अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0 नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः— प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर वन प्रभाग रामनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

# परियोजना का औचित्य

## परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण

**परियोजना का नाम :–** **जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र कालाढुॅगी के विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत दैचोरी देगॉव, नया पाण्डेगॉव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दैचोरी देगॉव मोटर मार्ग का निर्माण।**

जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र कालाढुॅगी विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दैचोरी देगॉव मोटर मार्ग के निर्माण कार्य की स्वीकृति शासनादेश संख्या 1822 (ए)/III (2)/17–60 (एम0एल0ए0)/2017 दिनांक 23.08.2017 द्वारा 1.00 किमी0 लम्बाई हेतु ₹ 10.24 लाख की प्राप्त हुई है। प्रस्तावित कार्य की आरक्षित वन भूमि में वास्तविक लम्बाई 450 मी0 है तथा सिविल सोयम भूमि 0.00 मी0 है। यह मार्ग दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव को आपसे में जोड़ने वाला मार्ग है। उक्त कार्य का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि कम से कम भूमि प्रभावित हो।

उक्त कार्य में आरक्षित व सिविल सोयम भूमि पड़ती है। मार्ग निर्माण हेतु 450 मी0 लम्बाई एवं 9.00 मी0 चौडाई में आरक्षित वन भूमि एवं 0.00 मी0 लम्बाई एवं 0.00 मी0 चौडाई में सिविल सोयम भूमि में मार्ग का संरेखण किया गया है। मार्ग का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि कम से कम चौडाई में वृक्ष प्रभाावित हो सके। समरेखन नं0 2 को अधिक वृक्ष प्रभावित होने के कारण निरस्त किया गया है तथा समरेखन नं0 1 में कम से कम वृक्ष प्रभावित होने के कारण तथा भू–गर्भीय दृष्टि से उपयुक्त होने के कारण उपयुक्त माना गया है तथा ग्राम दैचोरी, देगॉव व नया पाण्डेगॉव के निवासियों के आवागमन की सुविधा प्रदान होगी तथा यह एक प्रस्तावित मार्ग है। मार्ग के समरेखन में कोई मन्दिर, मस्जिद, कब्रिस्तान आदि धार्मिक स्थान नहीं पड़ते है। मार्ग का भू–गर्भीय निरीक्षण भूवैज्ञानिक द्वारा कराया गया है। भू–वैज्ञानिक द्वारा प्रस्तावित समरेखन को उपयुक्त बताया गया है तथा इस संरेखण में विभिन्न प्रजाति के कुल 39 वृक्ष प्रभावित हो रहे है, जिनकी गणना 7.00 मी0 चौडाई में की गयी है। प्रभावित वृक्षों का पातन किया जाना अनिवार्य है।

अतः प्रश्नगत मार्ग जिसमें वन भूमि 0.4050 है0, का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण करने की कृपा करे।

(इं0 शखावत)
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

(इं0 महेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग रामनगर